
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 230 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
आंकड़ों की सीमाएं



# पेज थ्री

देहरादून, गुरूवार, 21 दिसंबर 2023



मौसम — अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0°

71109.58

2 ट्रंप को राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य

7 भारतीय महिला टीम टेस्ट के लिए तैयार

# लोकसभा में नए आपराधिक कानून बिल पारित

## मॉब लिंचिंग के लिए फांसी की सजा का प्रावधान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में तीन कानून पेश किए। इसके साथ ही लोकसभा से तीनों क्रिमिनल लॉ बिल ध्वनि मत से पारित हो गए। अब इन तीनों बिलों को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। बिल को पेश करते हुए गृह मंत्री ने हैदराबाद से सांसद और एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पर कटाक्ष किया।

दरअसल, अमित शाह जब बिल को पारित करवाने के लिए संसद में पेश कर रहे थे, तभी एआईएमआईएम चीफ ओवैसी के चेहरे पर हल्की मुस्कान आ गई। इसके बाद गृह मंत्री शाह ने उन्हें आड़े–हाथों लिया। शाह न कहा, ओवैसी साहब हंस रहे हैं... मैं भी थोड़ा मनोविज्ञान पढ़ा हूं। इनके मन में है कि आपने बदल दिया (तीनों कानून को)। मैं कहना चाहता हूं कि हमने राजद्रोह की जगह देशद्रोह का बिल लेकर आए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा, अब यह देश आजाद हो चुका है, यह लोकतांत्रिक देश है। सरकार पर टिका–टिप्पणी तो कोई भी कर सकता है, किसी को भी करने का अधिकार है। इसके लिए देश में अब किसी को जेल में नहीं जाना पड़ेगा... चाहे हमारी सरकार क्यों ना हो।

अमित शाह ने कहा, ओवैसी साहब बड़े कटाक्षमय तरीके से जो हंस रहे हैं इसलिए मैं फर्क समझाता रहा हूं... मगर इस देश के खिलाफ कोई बोल नहीं सकता और इस देश के हितों को कोई नुकसान नहीं कर सकता। इस देश का झंडा, इस देश की सीमाएं और देश के संसाधनों के साथ को खिलवाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अगर को खिलवाड़ करेगा तो उसे निश्चित रूप से जेल जाना पड़ेगा। इससे पहले सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में आपराधिक कानूनों से जुड़े तीनों विधेयकों पर अपनी बात रखी। उन्होंने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक–2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक–2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर चर्चा की।

बिल पर चर्चा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तीन आपराधिक कानूनों के जगह पर लाए गए विधेयक गुलामी की मानसिकता को मिटाने और औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति दिलाने की नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं।

### बिना नाम लिए कांग्रेस पर कटाक्ष

केंद्रीय गृह मंत्री आज लोकसभा में देश के कानूनों में बदलाव से जुड़े विधेयक पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान अमित शाह ने कहा कि पहली बार भारतीय संविधान के हिसाब से कानून बनने जा रहे हैं और मुझे गर्व है कि ये अवसर मुझे मिला है। कुछ लोग कहते थे कि हम नहीं समझते हैं, मैंने कहा कि अगर मन खुला रखोगे और मन भारतीय रखोगे तो समझ में आ जाएगा, मन अगर इटली का है तो कभी समझ में नहीं आएगा।

### देश की सुरक्षा किसी की भी सुरक्षा से सर्वोपरि होनी चाहिए



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा, ऐसे लोगों को जेल में जाना चाहिए। यह हमारी सरकार का विश्वास है, इस देश की सुरक्षा किसी की भी सुरक्षा से सर्वोपरि होनी चाहिए। सबसे पहले राष्ट्र होना चाहिए। इसलिए हम जो राजद्रोह को हटाकर देशद्रोह की धारा लाए हैं, इसको अपने विचारों के कपड़े पहनाने का प्रयान नहीं करना चाहिए।

### नए विधेयक में म०ब लिंचिंग के लिए फांसी का प्रावधान

लोकसभा में इन विधेयकों पर चर्चा करते हुए अमित शाह ने कहा कि मॉब लिंचिंग घृणित अपराध है और हम नए कानून में मॉब लिंचिंग अपराध के लिए फांसी की सजा का प्रावधान कर रहे हैं, लेकिन मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आपने भी वर्षों देश में शासन किया है, आपने मॉब लिंचिंग के खिलाफ कानून क्यों नहीं बनाया? आपने मॉब लिंचिंग शब्द का इस्तेमाल सिर्फ हमें गाली देने के लिए किया, लेकिन सत्ता में रहे तो कानून बनाना भूल गए। अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद की व्याख्या अब तक किसी भी कानून में नहीं थी। पहली बार अब मोदी सरकार आतंकवाद को व्याख्यायित करने जा रही है। जिससे इसकी कमी का कोई फायदा न उठा पाए। राजद्रोह को देशद्रोह में बदलने का काम किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के समर्थन में उतरे भाजपाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभापति के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला भी दहन किया। मध्य प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल की, जिसका समर्थन करने को लेकर भाजपा ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पुतले जलाए हैं।

### नए वैरिएंट जेएन.1 के 21 मामले आए सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) और एक्सपर्ट डॉ वी. के. पॉल ने बुधवार को कहा कि देश भर में अब तक कोविड–19 के सब–वैरिएंट जेएन.1 के 21 नए मामले सामने आए हैं, लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है।

# मूल निवास प्रमाण पत्र वालों से अब नहीं मांगा जाएगा स्थाई निवास

## शासन ने विभागों के लिए जारी किए आदेश, कड़ाई से लागू करने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में मूल निवास की पहचान बरकरार रहेगी। राज्य के मूल निवासियों, सामाजिक संगठनों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने स्पष्ट आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत राज्य में मूल निवास प्रमाण पत्र की वैधता बनी रहेगी। उत्तराखंड में जिन मूल निवासियों के पूर्व में मूल निवास प्रमाण पत्र बने हुए हैं, उन्हें स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनाने की जरूरत नहीं होगी। शासन ने सभी विभागों को कड़ाई से इन आदेशों को लागू करने के निर्देश जारी किए।

सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार सुमन की ओर से बुधवार को विधिवत आदेश जारी किए गए। सचिव ने आदेश में कहा कि शासन के संज्ञान में आया है कि कई विभागों में मूल निवास प्रमाण पत्र धारकों को स्थाई निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने को बाध्य किया जा रहा है। जबकि 28 सितंबर 2007 को जारी आदेश में साफ कर दिया गया था कि मूल निवास प्रमाण पत्र धारकों के लिए स्थाई निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद सेवायोजन, शैक्षणिक संस्थाओं, सरकारी योजनाओं समेत अन्य विभिन्न कार्यों में उत्तराखंड के मूल निवास प्रमाण पत्र धारकों को स्थाई निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। सचिव ने अपने आदेश में दोहराया कि जिन भी कार्यों के लिए स्थाई निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, उन कार्यों के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र धारकों को स्थाई निवास प्रमाण पत्र दिखाने को बाध्य नहीं किया जाएगा। मूल निवास प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

मूल निवास की पहचान बचाए रखने को सामाजिक संगठनों की ओर से 24 दिसंबर को मूल निवास स्वाभिमान रैली निकाली जा रही है।

### सीएम के संज्ञान लेने के बाद जारी हुई सख्त व्यवस्था

मूल निवास प्रमाण पत्र को लेकर विभागों और अन्य संस्थानों में बरती जा रही लापरवाही का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने सामाजिक संगठनों की ओर से मूल निवास की पहचान को लेकर उठाए जा रहे सवालों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को सख्त व्यवस्था जारी किए जाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में बुधवार को सचिव सामान्य प्रशासन की ओर से मूल निवास प्रमाण पत्र को लेकर स्पष्ट आदेश जारी किए।

# हम निश्चित रूप से जरूर गौर करेंगे: पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक इंटरव्यू किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अमेरिका में एक भारतीय की हत्या की साजिश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, अगर कोई हमें कोई जानकारी देता है, तो हम निश्चित रूप से इस पर गौर करेंगे। पीएम मोदी ने कहा, अगर हमारे किसी नागरिक ने कुछ भी अच्छा या बुरा किया है, तो हम उस पर गौर करने के लिए तैयार हैं। हमारी प्रतिबद्धता कानून के शासन के प्रति है।

यह पता चला है कि गुरपतवंत सिंह पन्नून, जिसे 1 जुलाई, 2020 को भारत सरकार द्वारा श्नामित व्यक्तिगत आतंकवादीश घोषित किया गया है, संप्रभुता, अखंडता को चुनौती देते हुए, पंजाब स्थित गैंगस्टरों और युवाओं को खालिस्तान के लिए लड़ने के लिए सक्रिय रूप से उकसा रहा है। इसका खुलासा एनआईए जांच में भी हुआ है। पन्नून 2019 से एनआईए की नजर में है जब आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने उसके खिलाफ अपना पहला मामला दर्ज किया था।

इस बीच, पीएम मोदी ने भी चरमपंथी गतिविधियों पर चिंता जताई और कहा, भारत विदेशों में स्थित कुछ चरमपंथी समूहों की गतिविधियों को लेकर बेहद चिंतित है।

### जवाब

- पहली बार पन्नून मामले पर बोले पीएम मोदी

### दोनों देशों को इस घटना से जोड़ना नहीं उचित

पीएम ने कहा, इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन है, जो एक परिपक्व और स्थिर साझेदारी का स्पष्ट संकेतक है। उन्होंने एफटी को बताया, सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग हमारी साझेदारी का एक प्रमुख घटक रहा है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कुछ घटनाओं को दोनों देशों के राजनयिक संबंधों से जोड़ना उचित है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का हुआ एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने इस साल मिलने वाले खेल अवॉर्ड्स के लिए खिलाड़ियों और एथलीट्स के नामों लिस्ट जारी कर दी है। भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को खेल रत्न अवॉर्ड मिलेगा। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा।

खेल मंत्रालय ने बुधवार को खेल अवॉर्ड्स की घोषणा की। इस बार कुल 29 खिलाड़ियों को खेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दो खिलाड़ियों को खेल रत्न अवार्ड और 27 एथलीटों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सभी एथलीटों को उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर यह पुरस्कार दिए जाएंगे।

गौरतलब हो कि यह सभी राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 9 जनवरी 2024 को राष्ट्रपति भवन में दिए जाएंगे। यह सभी अवॉर्ड राष्ट्रपति द्वारा खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे। खेल मंत्रालय ने जो लिस्ट जारी की है उसमें कुल 29 खिलाड़ियों और एथलीटों को शामिल किया है।

### मोहम्मद शमी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड

## न्यूज डायरी



### रूस से युद्ध में उलझे यूक्रेन के पास सैनिकों का टोटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। बीते करीब दो साल से रूस के साथ युद्ध में उलझा यूक्रेन की कमी का सामना कर रहा है। इसका खुलासा खुद यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने किया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की सेना को पांच लाख अतिरिक्त लोगों की जरूरत है। जेलेंस्की की ये टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब अमेरिका और यूरोपीय संघ ने यूक्रेन की सहायता से हाथ खींचते हुए आर्थिक मदद रोक रखी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा है कि सेना की ओर से उनको बताया गया है कि उनके सामने सैनिकों की कमी का सवाल है लेकिन नई भर्ती भी एक संवेदनशील मुद्दा है। यूक्रेन की राजधानी कीव में जेलेंस्की ने कहा, हमारे कमांडर करीब साढ़े चार लाख से पांच लाख लोगों को भर्ती के लिए तलाश कर रहे थे लेकिन यह संवेदनशील और खर्च के लिए लिहाज से भी बड़ा मुद्दा है। ऐसे में इस कदम का समर्थन करने से पहले मुझे डिटेल में इसे जानने की जरूरत है। माना जा रहा है कि यूक्रेन आम नागरिकों को एक छोटी ट्रेनिंग के बाद सेना में शामिल करने पर कोई फैसला ले सकता है। फरवरी 2022 में रूस के हमले के बाद यूक्रेन ने रूसी सेनाओं से लड़ाई जारी रखी है लेकिन वह गोला–बारूद की कमी का सामना कर रहा है। वहीं उसने अब सैनिकों की कमी की बात भी जाहिर की है। यूक्रेन की ओर से बीते कुछ समय से रूस को जवाबी कार्रवाई में आक्रामकता की कमी भी देखी जा रही है।

### तालिबान को बड़ा झटका, संयुक्त राष्ट्र ने सदस्यता का दावा किया खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में दो साल से भी ज्यादा समय से राज कर रहे तालिबानी आतंकियों को बड़ा झटका लगा है। संयुक्त राष्ट्र की शक्तिशाली समिति ने लगातार तीसरी बार तालिबानी सरकार की सदस्यता के दावे को खारिज कर दिया है। इस सदस्यता के बाद ही संयुक्त राष्ट्र में तालिबानी राजदूत को मान्यता मिल पाती। इससे अब तालिबानी सरकार को एक बार फिर से इस वैश्विक निकाय से निराशा हाथ लगी है। वहीं तालिबान को इस बार पाकिस्तान की सरकार से भी झटका लगा है जो वैश्विक मंचों पर अफगान सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम करती थी। माना जा रहा है कि टीटीपी को लेकर चल रही तल्खी की वजह से पाकिस्तान ने तालिबान से अपने हाथ खींच लिए हैं। तालिबानी आतंकी अगस्त 2021 में अशरफ गनी सरकार को सत्ता से हटाकर खुद अफगानिस्तान में काबिज हो गए थे। इसके बाद से वे प्रयास कर रहे हैं कि किसी तरह से दुनिया से उन्हें मान्यता मिल जाए। वे संयुक्त राष्ट्र में अपना राजदूत तैनात करना चाहते हैं लेकिन उन्हें अब तीसरी बार निराशा हाथ लगी है। तालिबान सरकार ने सुहैल शाहीन को संयुक्त राष्ट्र में अपना राजदूत नियुक्त किया है जो पहले उसके कतर कार्यालय के प्रवक्ता रह चुके हैं।

### गाजा युद्ध में दो बार मोसाद को गच्चा देने में सफल रहा हमास का लादेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। गाजा पट्टी में चल रही लड़ाई में इजरायल की सेना दो बार हमास के कमांडर याह्या सिनवार को पकड़ने के एकदम करीब पहुंच गई थी। आईडीएफ सैनिक हाल के दिनों में दो बार गाजा में उस सुरंगों तक पहुंचने में कामयाब रहे हैं, जहां उनको हमास नेता याह्या सिनवार के होने की खबर मिली थी। दोनों ही बार याह्या सैनिकों के पहुंचने से ठीक पहले निकलने में कामयाब रहा। आईडीएफ और खुफिया एजेंसी मोसाद लगातार याह्या की तलाश में जुटी है, इस दौरान जुटाई गई खुफिया जानकारी से उसे पता चला है कि वह लंबे समय तक किसी एक स्थान पर रहने के बजाय एक से दूसरे स्थान पर आगे बढ़ रहा है। हिब्रू मीडिया आउटलेट्स ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि आईडीएफ ने सिनवार को पकड़ने के लिए मुख्य रूप से दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस और उसके आसपास अपनी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल के साथ लड़ाई शुरू होने के बाद लोगों के काफिले में छिपकर सिनवार दक्षिण की तरफ आ गया और फिलहाल खान यूनिस में छिपा हुआ है। सिनवार की खोज के दौरान सैनिकों ने हमास के सैन्य विंग के कमांडर मुहम्मद दीफ के एक ठिकाने का भी पता चलने की बात कही गई है।

# कोलोराडो की अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति पद के लिए ठहराया अयोग्य

**झटका**

## ट्रंप को आयोग्य ठहराए जाने पर रामास्वामी ने उठाए सवाल

लोकतंत्र पर वास्तविक हमला जैसा है कोर्ट का फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलोराडो (अमेरिका)। यूएस कैपिटल हिंसा मामले में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। डोनाल्ड ट्रंप को कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य ठहराया है। हालांकि, ट्रंप को आयोग्य ठहराए जाने को लेकर रिपब्लिकन पार्टी के लिए राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने प्रतिक्रिया दी है।

रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने कोलोराडो में ळव्च के प्राथमिक मतदान से हटने का संकल्प लिया है। यह फैसला उन्होंने कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर आए हालिया फैसले को लेकर लिया है। जनवरी 2021 के कैपिटल हिंसा में शामिल होने के कारण पूर्व



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव से आयोग्य ठहराया गया है।

कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने 4–3 के बहुमत से यह फैसला सुनाया है। इसके साथ ही कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रंप को आयोग्य ठहराए जाने के लिए अमेरिकी संविधान की 14वें संशोधन की धारा 3 विद्रोह को लागू किया है। यह धारा हिंसा में शामिल किसी व्यक्ति को को सर्वोच्च पद संभालने से रोकती है।

वहीं, रामास्वामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मैं कोलोराडो GOP प्राथमिक से तब तक हटने का संकल्प लेता हूं, जब तक ट्रंप को भी राज्य के मतपत्र पर रहने की अनुमति नहीं दी जाती है। मैं मांग करता हूं कि रॉन डेसेंटिस, क्रिस क्रिस्टी और निक्की हेली तुरंत ऐसा ही करें या फिर वे इस अवैध पैंतरेबाजी का पूरी तरह से समर्थन कर रहे हैं, जिसके हमारे देश के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। उन्होंने लिखा कि कोर्ट का ये फैसला लोकतंत्र पर वास्तविक हमला जैसा दिखता है। एक गैर–अमेरिकी, असंवैधानिक और अभूतपूर्व निर्णय में डेमोक्रेट जजों के एक ग्रुप ने ट्रंप को कोलोराडो में मतदान से रोक दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को इस चुनाव में भाग लेने से रोकने के लिए हर तरह की कोशिश की गई। इस चुनाव में उन्हें दोबारा पद संभालने से रोकने के लिए एक नई रणनीति अपनाई जा रही है।

## चीन ने लद्दाख में एलएसी के पास बनाया नया हाईवे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन की भारत से लगती हुई सीमा के पास एक और कारगुजारी सामने आई है। चीन ने बॉर्डर के पास एक नया हाईवे बनाकर तैयार कर दिया है। दोनों देशों के बीच सीमा पर विवादित जगह के एकदम करीब ये रोड बनाया गया है, जो संभावित रूप से किसी संघर्ष के दौरान पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के सैनिकों की तेजी से बॉर्डर तक पहुंचा सकता है। इस नई सड़क के बनाए जाने के पीछे चीन की वह सोच है, जिसके तहत उसकी सशस्त्र सेनाओं को तुरंत संघर्ष की जगह पहुंचाया जा सकता है। बीजिंग में जुलाई 2022 में झिंजियांग से बाहर और तिब्बत में रणनीतिक मार्ग बनाने का फैसला हुआ था। भारत के लद्दाख क्षेत्र से मिलती हुई एलएसी के पूर्व में चीन लंबे समय से अपने अकिलीज हील को लेकर चिंतित रहा है। जिसे G219 राजमार्ग कहा जाता है। ये देश की पूरी पश्चिमी और दक्षिणी सीमा के साथ चलता है, जो झिंजियांग और तिब्बत के क्षेत्रों को जोड़ता है। भारत के साथ संघर्ष के दौरान G219 तक युद्धकालीन पहुंच को लेकर चीनी सैन्य रणनीतिकारों की नींद उड़ गई थी। चीनी नेता शी जिनपिंग ने इसके बाद नई रणनीति पर विचार किया और जी216 नाम से नया एक वैकल्पिक रोड बनाने का फैसा लिया, जो तकरीबन पूरा हो गया है।



17 दिन पहले पैदा हुई फलस्तीनी नवजात बच्ची की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राफा (गाजा)। गाजा युद्ध के दौरान 17 दिन पहले पैदा हुई एक फलस्तीनी बच्ची मारी गई। नवजात बच्ची का जन्म युद्ध के बीच दक्षिणी गाजा शहर के एक अस्पताल में हुआ था। यहां बिजली नहीं थी, यहां रोजाना बमबारी होती थी। उसके परिवार ने उसका नाम अल–अमीरा आयशा और घर का नाम राजकुमारी आयशा रखा था। मरने से पहले उसने अपना तीसरा हफ्ता भी पूरा नहीं किया था। बीते दिन एक इजरायली हवाई हमले में उसकी मौत हो गई। इजरायली हवाई हमले में नवजात बच्ची के साथ उसका 2 साल का भाई अहमद भी मारा गया। बच्ची की दादी सुजान जोराब ने कहा, ष्जब सुबह होने से पहले इजरायली सेना ने राफा में उनके अपार्टमेंट की इमारत को ध्वस्त कर दिया, तो उनका पूरा परिवार सो रहा था।

## ग्रीस में हजारों भारतीयों को नौकरी का मौका, पाकिस्तानियों की नहीं होगी एंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारत और ग्रीस में अगले साल हो जाएगा समझौता

एथेंस। भारत के करीब 10 हजार कर्मचारियों को ग्रीस में काम करने का मौका मिलने जा रहा है। दोनों देश इस समझौते पर काम कर रहे हैं। ग्रीस ने अपने देश में कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए भारत, जॉर्जिया और मोल्दोवा से लोगों को लाने का फैसला लिया है। इस पर उसकी तीनों देशों से बातचीत चल रही है ताकि कानूनी ढंग से कामगारों को लाया जा सके। आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान ने भी ग्रीस से संपर्क की कोशिश की थी।

ग्रीस ने उस पर ध्यान ना देते हुए पाकिस्तानी कामगारों को लाना इस योजना में शामिल नहीं किया। ग्रीस के माइग्रेशन मंत्रालय की ओर से हाल ही में यह घोषणा की गई थी कि भारत से कामगार लाने का समझौता लगभग तय हो चुका है। ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस अगले साल भारत दौरे के दौरान अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। जिसके बाद बाकी औपचारिकताएं पूरी करते हुए भारत से कामगारों को ग्रीस लाने का काम शुरू हो जाएगा।

ग्रीस के माइग्रेशन मिनिस्टर दिमित्रीस कैरिडिस ने कहा है कि उन्होंने कामगारों को लाने की जो योजना बनाई है। उसमें भारत, जॉर्जिया और मोल्दोवा से 5,000–10,000 श्रमिकों को आने की अनुमति दी जाएगी। कैरिडिस ने कहा, ग्रीस में खासतौर से कृषि क्षेत्र में श्रमिकों की कमी है। हम चाहते हैं कि ऐसे लोग आएं जो यहां आएं जो अपना काम करें और शांति से अपनी जिंदगी जिएं। यहां आकर वह तुर्की के इस्लामवादी एजेंडे की बातें ना करें। वह यहां आकर किसी दूसरे अपराध में संलग्न ना हों। वीजा खत्म होने पर ग्रीस में योगदान देकर अपने देशों में लौट जाएं। मुझे यकीन है कि भारतीय, मोल्दोवन और जॉर्जियाई श्रमिक इसी तरह से सफलता का एक मॉडल बनेंगे। भारत और ग्रीस के बीच बीते कुछ समय में संबंध बेहतर हुए हैं।

### गाजा में युद्ध विराम के लिए तैयार हुआ इजरायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल गाजा पट्टी में युद्ध विराम के लिए तैयार हो गया है। इसकी जानकारी उसने कतर को दे दी है, जो उसके और हमास के बीच मध्यस्थ की भूमिका में हैं। इजरायल ने कतर से कहा है कि वह हमास द्वारा बंधक बनाए गए 40 लोगों की रिहाई के बदले गाजा में कम से कम एक सप्ताह के संघर्ष विराम के लिए तैयार है। इजरायल की ओर से कतर को ये प्रस्ताव ऐसे समय भेजा गया है, जब दुनियाभर के देशों के साथ–साथ इजरायल के भीतर भी युद्ध विराम और बंधकों की वापसी के लिए प्रदर्शन हो रहे हैं। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों और एक विदेशी सूत्र ने कहा कि इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए एक नए समझौते के लिए कतर के माध्यम से हमास को एक प्रस्ताव भेजा है। जिस पर जल्दी ही हमास की ओर से जवाब आ सकता है।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# वेडिंग डेस्टिनेशन्स तैयार करने और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ाने के दिए निर्देश

**बैठक**

## सचिव कार्यक्रम दीपक कुमार ने चमोली में विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक

**संवाददाता**



चमोली। उत्तराखंड शासन के कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव श्री दीपक कुमार ने बुधवार को जनपद चमोली में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों का बढ़ावा देने और उद्यानीकरण के क्षेत्र में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है। सीमांत जनपद चमोली में पर्यटन और उद्यानीकरण विकास की महत्वपूर्ण कडी है। इससे हम अपने जिले की जीडीपी बढ़ा सकते है। उन्होंने जनपद में पर्यटन गतिविधयों के अन्तर्गत ईको टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म को बढाने, पैराग्लाइडिंग के लिए साइट सेलेक्शन करने और शादी विवाह के लिए वेडिंग डेस्टिनेशन्स तैयार करने पर जोर दिया। उद्यानीकरण क्षेत्र में किसानों को जड़ी बूटी की खेती का प्रशिक्षण देने की बात कही।

सचिव ने कहा कि सभी विभाग अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए जनपद को नवंबर वन जिला बनाने का प्रयास करें। सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को योजना से जोड़कर लाभान्वित किया जाए। किसी भी योजना को पूर्ण करने के लिए 31 मार्च की डेड लाइन न रखें, बल्कि वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले कार्यो को पूरा किया जाए। जल जीवन मिशन के कार्यों को 15 जनवरी तक पूरा किया जाए। सिंचाई एवं लघु सिंचाई के अंतर्गत संचालित कार्यों में तेजी लाए। सचिव ने कहा कि विभागों ने जो प्रस्ताव अपने मुख्यालय भेजे है और मुख्यालय से शासन को नही भेजे गए है, उनको तत्काल शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

सचिव ने कृषि और उद्यान विभाग को निर्देशित किया कि बंजर खेती को पुनर्जीवित करने के लिए मृदा परीक्षण करते हुए गैर परंपरागत फसलों का उत्पादन शुरू किया जाए। उर्गम घाटी में कीवी उत्पादन की संभावनाओं को तलाशा जाए। स्वयं सहायता समूहों का सर्वे कर उनकी आय का सही आंकलन किया जाए। कृषि, उद्यान, पशु एवं मत्स्य पालन योजनाओं से काश्तकारों को लाभान्वित किया जाए।

जनपद में शिक्षण कार्यो की समीक्षा करते हुए सचिव ने निर्देशित किया कि विद्यालयों में शौचालयों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए फरवरी तक शत प्रतिशत लोगों को योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए। पुलिस को साइबर अपराधों के प्रति शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने और नशा मुक्ति के लिए मेडिकल स्टोरों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि जिन नगर पंचायतों में शिविर लाइन नहीं है उनका शीघ्र प्रस्ताव तैयार किया जाए। सार्वजनिक शौचालय में नियमित सफाई की जाए।

## न्यूज डायरी

### आज से होगा अगस्त्यमुनि में विशेषज्ञ हेल्थ मेला

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में 21 दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ हेल्थ मेले का आयोजन किया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसांई ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उक्त विशेषज्ञ हेल्थ मेले में राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने लोगों से उक्त हेल्थ मेले में प्रतिभाग कर विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है।

### खेल एवं युवा कल्याण श्रीमती रेखा आर्या आज से अल्मोड़ा भ्रमण पर

**संवाददाता** अल्मोड़ा। प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि प्रदेश की मंत्री महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले खेल एवं युवा कल्याण श्रीमती रेखा आर्या इस जनपद के भ्रमण पर आ रहीं है। उन्होंने बताया कि मंत्री दिनॉक 21 दिसम्बर, 2023 को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम, रूद्रपुर से 01:00 बजे प्रस्थान कर 5:30 बजे सोमेश्वर पहुँचकर कर रात्रि विश्राम सोमेश्वर में करेंगी। दिनॉक 22 दिसम्बर, 2023 को प्रातः 10:15 बजे सोमेश्वर से प्रस्थान कर नवजूला बाल विद्या मन्दिर ग्राम पंचायत कनालबूंगा पहुँचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग एवं उज्जवला गैस के लम्बित कनेक्शन वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। 12:00 बजे नवजूला बाल विद्या मन्दिर से प्रस्थान कर 12:45 बजे सोमेश्वर पहुँचकर रात्रि विश्राम सोमेश्वर में करेंगी। उन्होंने बताया कि मा0 मंत्री दिनॉक 23 दिसम्बर, 2023 को प्रातः 10:00 बजे सोमेश्वर से प्रस्थान कर 11:00 बजे गैस गोदाम थापला, ग्राम पंचायत झारकोट इसलना, ताकुला में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।

### सीधी भर्ती के सर्वे लेखपालों का प्रशिक्षण गतिमान

**संवाददाता** अल्मोड़ा। अपर जिलाधिकारी सी0एस0 मर्तोलिया ने बताया कि राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड, देहरादून से प्राप्त निर्देशों के क्रम में राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान में दिनॉक 16 नवम्बर, 2023 से सर्वे इकाई देहरादून तथा उधमसिंहनगर के सीधी भर्ती के सर्वे लेखपालों का प्रशिक्षण गतिमान है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी प्रशिक्षुओं को विभिन्न विभागों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्योंध्योजनाओं के सम्बन्ध में वार्ता/प्रशिक्षण दिनॉक 19 दिसम्बर, 2023 से 09 जनवरी, 2024 तक दिया जाना है।

## जन जागरूकता कार्यक्रम किए जाए संचालित

**संवाददाता** चमोली। बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह समाप्त करने को लेकर प्रभारी जिलाधिकारी अभिनव शाह ने बुधवार को सभी संबधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति और बाल विवाह पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जनपद में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाए।

जिला सभागार में आयोजित बैठक में ऑपरेशन मुक्ति की जानकारी लेते हुए प्रभारी जिलाधिकारी ने पुलिस व शिक्षा विभाग को अभियान के दौरान रेस्क्यू किए गए बच्चों की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बाल श्रम और बाल विवाह की रोकथाम के लिए विद्यालयों में प्रार्थना सभाओं में बच्चों को संकल्प दिलाने की बात कही। उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास अधिकारी को बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत प्रत्येक ब्लाक में आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने और इसका प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया कि जिले में बाल विवाह के दो मामले सामने आए थे। जिनमें एक मामले में 06 आरोपियों को न्यायालय की ओर से सजा दी गई है। जबकि एक मामले में न्यायालय में सुनवाई जारी है। बैठक में जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर प्रभारी जिलाधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।



## आदमखोर से मुक्ति के लिए मुख्यमंत्री से मिले बिष्ट

**संवाददाता** हल्द्वानी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर भीमताल क्षेत्र को आदमखोर के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि पिछले 13 दिनों में आमदमखोर 3 लोगों की जान ले चुका है। बुधवार को देहरादून में मुलाकात के दौरान बिष्ट ने सीएम को बताया कि भीमताल क्षेत्र में लोगों का जीना मुश्किल होता जा रहा है। लोगों का सुबह व शाम के वक्त घर से निकलना बंद हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों ने स्कूल जाना तक बंद कर दिया है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रभावित परिवारों से टेलीफोन पर वार्ता की। आश्वासन दिया कि आदमखोर के आतंक से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। वन विभाग तत्काल प्रभावित परिवारों को मुआवजा देगा। उन्होंने वन विभाग व प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## विकेकानन्द नेत्रालय–रामकृष्ण मिशन आश्रम ने किया 'द रेटीना डायलॉग' कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। विकेकानन्द नेत्रालय–रामकृष्ण मिशन आश्रम देहरादून द्वारा कार्यक्रम "द रेटीना डायलॉग" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व विख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. ज्योतिरमय बिश्वास एवं डॉ हर्षा भट्टाचार्या व अन्य डॉक्टर अपने व्याख्यान देकर कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो नेत्र चिकित्सको का मार्ग दर्शन किया।



रामकृष्ण मिशन देहरादून के सचिव श्रदेय स्वामी असीमात्मानन्द महाराज जी ने समस्त आगन्तुकों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुये कहा "इस संसार के सभी डॉक्टर भगवान का स्वरूप है। हमारे जीवन का मुरव्य उद्धेश्य परिपूर्णता को प्राप्त करना हैं, हमको अपने कार्यो को इमानदारी से शतप्रतिशत करने पर जो संतुष्टि मिलती हैं वह हमें परिपूर्णता की दिशा में अग्रसर करती हैं।"

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हूये मुख्य वक्ता शंकरा नेत्रालय चैन्नई के विश्व विख्यात वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. ज्योतिरमय बिश्वास के द्वारा अपने अनुभवों का निचोड साझा कर प्रेरणात्मक व्याख्यान से उपस्थित चिकित्सकों का मार्ग दर्शन किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुरव्य वक्ता श्री शंकरदेवा नेत्रालय के विख्यात वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. हर्षा भट्टाचार्य जी के द्वारा अपने वक्तव्यों से युवा चिकित्सकों में ऊर्जा का प्रवाह किया गया। इनके अलावा कार्यक्रम को विख्यात नेत्र चिकित्सकों डॉ0 अजय अरोरा, दृष्टि आई हॉस्पिटल देहरादून से डॉ सौरभ लूथरा, डॉ0 रेनू धसमाना, डॉ0 दिवा कान्त मिश्रा, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ0 चिन्तन देसाई व डॉ मोहित गर्ग द्वारा सम्बोधित किया गया।

युवा नेत्र चिकित्सकों के मध्य जटिल नेत्र रोग शोधं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरूस्कार 10 हजार रूपये व द्वितिय पुरूस्कार 5 हजार रूपये का दिया गया व सभी अन्य प्रतिभगीयों को शान्तवना पुरूस्कार दिया गया।

## इंडिया गठबंधन रणनीति के तहत नहीं चलने दे रहा संसदः भगत

**संवाददाता** हल्द्वानी। संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना के बाद भारी हंगामे के बीच लोकसभा से 95 विपक्षी सांसदों के निलंबन को उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री व भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने जायज ठहराया है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर रणनीति के तहत संसद नहीं चलने देने का आरोप लगाया है। विधायक भगत ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि विपक्षी गठबंधन मोदी सरकार से डरा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से लगातार संसद के प्रत्येक सत्र में कुछ न कुछ ऐतिहासिक संदेश देते आ रहे हैं। जिससे कांग्रेस और उसके गठबंधन के साथियों को उनका जनाधार हर सत्र में खिसकता नजर आ रहा है। इसलिए विपक्षी दोनों सदनों में गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाकर सत्र को हंगामे की भेंट चढ़ाना चाहते हैं। भगत ने कहा लोकसभा अध्यक्ष की ओर से संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में उच्चस्तरीय कमेटी के गठन जांच कराए जाने की जानकारी सदन को दी जा चुकी है।


# आंकड़ों की सीमाएं

**कोरोना महामारी की अवधि यानी 2020 और 2021 में दिल्ली में दर्ज हुई मौतों की संख्या 28,687 बताई गई है, जो 2007 (जब से सीएसआर रेकॉर्ड उपलब्ध हैं) से अब तक की सबसे बड़ी संख्या है।**

अनुज सनवाल।।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की ओर से जारी किए गए महामारी के दिनों वाले जन्म और मृत्यु से जुड़े आंकड़े हैरान तो नहीं करते, लेकिन इसके कई पहलुओं पर गौर किया जाना चाहिए।

मगर उस तरफ बढ़ने से पहले यह देखना जरूरी है कि ये आंकड़े कई लिहाज से आधे–अधूरे कहे जाएंगे। CRS आंकड़े सिर्फ दर्ज किए गए जन्म और मौत की संख्या बताते हैं। इनसे यह पता नहीं चलता कि जन्म और मृत्यु की इस संख्या में बाहर से अस्थायी तौर पर आए लोगों और यहां के स्थायी निवासियों का क्या अनुपात है। इस अर्थ में सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम का सर्वे आधारित अनुमान बेहतर होता है जो रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया जारी करता है। चूंकि RGI ने महामारी की अवधि यानी 2021–22 के SRS डेटा अभी जारी नहीं किए हैं, इसलिए फिलहाल CRS आंकड़ों से ही काम चलाना होगा।



कोरोना महामारी की अवधि यानी 2020 और 2021 में दिल्ली में दर्ज हुई मौतों की संख्या 28,687 बताई गई है, जो 2007 (जब से CRS रेकॉर्ड उपलब्ध हैं) से अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। जन्मदर का जहां तक सवाल है तो 2019 में यह प्रति हजार की आबादी पर 18.4 बच्चे की थी। लेकिन 2020 में 14.2 बच्चों पर और 2021 में और घटकर 13.1 पर आ गई। 2022 में बढ़कर 14.2 बच्चों पर आई। लेकिन महामारी से पहले के स्तर से काफी नीचे है। ध्यान रहे, दिल्ली में जन्मदर में कमी महामारी से पहले से ही आने लगी थी। जानकार जन्म दर में आई बढ़ोतरी के पीछे कुछ खास वजहें बता रहे हैं। एक तो लॉकडाउन के दौरान अपने गांवों को लौट चुके लोग स्थिति सुधरने पर बड़ी संख्या में वापस आ गए। दूसरे, लॉकडाउन के दौरान शुरू हुआ वर्क फ्रॉम होम का पैटर्न जारी रहना भी अहम है क्योंकि उससे महिलाओं को लगा कि वे वर्कफोर्स में भागीदारी करते हुए परिवार का भी ख्याल रख सकती हैं। मगर बड़ी बात यह है कि इन सबके बावजूद जन्म दर का स्तर नीचा बना हुआ है।

CRS के ये आंकड़े जहां स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के कई पहलुओं पर रोशनी डालते हैं, वहीं यह भी बताते हैं कि जनगणना के विस्तृत आंकड़ों की कमी कितनी खलने वाली है। ऐसे में जरूरी है कि 2021 में होने वाली जनगणना की प्रक्रिया को और देर किए बगैर जल्द से जल्द पूरा कराने की कोशिश की जाए।

## हतोत्साहित

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** आप जीवन के किसी भी क्षेत्र में काम कर रहे हों, आपके आसपास ऐसे लोग मिल जाएंगे, जो आपको हर नया और जोखिम भरा काम करने को हतोत्साहित करेंगे। आसपास क्या, अपने घर में, अपने परिवार के सदस्य ही हमें जोखिम की सुगबुगाहट आते ही बोल पड़ते हैं 'देख ले छोटू, काम बहुत टेढ़ा है। सक्सेस मिली तो ठीक, पर फेल हो गया, तो कहीं के नहीं रहेंगे। कोई मदद को नहीं आएगा। तेरा अपना कमाया हुआ तो जाएगा ही, परिवार की पुश्तैनी प्रॉपर्टी भी डूबेगी।' परिवार के किसी सदस्य द्वारा इस तरह आगाह किए जाने के बाद छोटू की क्या हिमाकत जो अपने सपने को सच करने के लिए जरूरी जोखिम उठा ले। परिवार के सदस्य तो फिर भी हमारे आइडिया को निरस्त नहीं करते, पर कुछ ऐसे नामाकूल दोस्त होते हैं।

## संपादकीय

### गठबंधन का रुख

भारतीय लोकतंत्र का फलक बहुत व्यापक है। इन चुनाव नतीजों को इस व्यापक फलक पर रखकर देखने की जरूरत है। लेकिन ये चार संकेत कितने कारगर साबित होते हैं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया अपने आपको कैसे स्थापित करता है, उसकी विचारधारा क्या होती है। केंद्र के नेतृत्व से हटकर स्थानीय और राज्य के स्तर पर जब कोई पार्टी अपने आपको मजबूत करती है, तो उसका जमीनी आधार भी मजबूत होता चला जाता है। हम पाते हैं कि कर्नाटक और तेलंगाना के अलावा कांग्रेस की स्थिति केरल में भी कमजोर नहीं है। तमिलनाडु में भी वह अलायंस के स्तर पर अच्छा कर रही है। अगर व्यापक तौर पर देखा जाए तो एक बात सामने आती है कि आगे जब चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन होगा और आज के नियमों के मुताबिक परिसीमन किया जाएगा तो दक्षिण की सीटें कम होंगी लोकसभा में। तो उसको मुद्दा बनाने का फायदा कांग्रेस को मिल जाएगा। विचारधारा से मेरा मतलब है कि जो राजनीतिक विमर्श की बातचीत है, इंडिया गठबंधन उसे किस तरह तरह से स्वीकार करता है। इसी पर सब निर्भर करता है।

हम मानकर चलें कि लोकसभा चुनाव से पहले का यह सेमीफाइनल था। ऐसे में बीजेपी के लिए अब कोई मुश्किल नहीं होगी और वह आसानी से 2024 का चुनाव जीत जाएगी। इस नजरिए की कुछ परेशानियां हैं।

# अलग नजरिया

हिलाल अहमद।।

चार राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों को देखने के दो नजरिए हो सकते हैं। पहला, हम मानकर चलें कि लोकसभा चुनाव से पहले का यह सेमीफाइनल था। ऐसे में बीजेपी के लिए अब कोई मुश्किल नहीं होगी और वह आसानी से 2024 का चुनाव जीत जाएगी। इस नजरिए की कुछ परेशानियां हैं। एक तो यही कि यह नजरिया केवल सीट देख रहा है, वोट शेयर नहीं। दूसरी, जो बीजेपी का अपना प्रफेशनलिज्म है, यह उसकी कोई निशानदेही नहीं कर पाता। तीसरी, यह नहीं भूलना चाहिए कि कांग्रेस का चुनाव प्रचार काफी आक्रामक रहा। तेलंगाना सहित कांग्रेस ने अपने आपको दक्षिण के राज्यों में जिस तरह से उभारा है, मेनस्ट्रीम मीडिया उसकी भी सरल व्याख्या दे रहा है। इसलिए इन चुनावों को एक अलग नजरिए से, भारतीय लोकतंत्र की व्यापकता के संदर्भ में देखना चाहिए। इस संदर्भ में यह चुनाव चार संकेत दे रहा है।

पहला, भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों में लोगों की सक्रिय भागीदारी। इन चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ा है। मतलब चुनाव में भागीदारी बढ़ी है, लोगों का विश्वास बढ़ा है। इसका दूसरा पक्ष यह है कि पिछले पंद्रह–बीस सालों में हमने बहुत अलग ट्रेंड देखे हैं, अलग तरह की प्रक्रियाएं देखी हैं। हमारा मतदाता जानता है कि



विधानसभा, नगरपालिका और लोकसभा इलेक्शन में क्या अंतर होता है। यही वजह है कि वह तीनों चुनावों में अलग–अलग तरीके से अपने मताधिकार का उपयोग करता है। मतलब यह कि इन चुनावों में राजनीतिक परिपक्वता और चुनावी व्यवस्था में विश्वास बहुत स्पष्ट रूप से साबित हुआ है।

दूसरा संकेत यह है कि राज्य का जो मॉडल राजनीतिक दलों ने स्वीकार किया है, उसे मैं कहता हूं खैराती राज्य या चौरिटेबल स्टेट। यह परिकल्पना दो बातों पर टिकी है। राज्य यह कह रहा है कि आर्थिक क्षेत्र में हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं है और बाजार की आर्थिक शक्तियां स्वतंत्र हैं। लेकिन जो राजनीतिक जिंदगी है लोगों की, उसमें राज्य कहता है कि क्योंकि आपकी समस्याएं हैं, इसलिए हम आपको एक बार की कोई सुविधा दे देंगे, कोई योजना दे देंगे। इसी को मैं कहता हूं खैराती राज्य। तमाम राजनीतिक दल इस पर एक मत हैं, पूरे चुनाव प्रचार में यह मॉडल बराबर देखने को मिला। बीजेपी की कामयाबी के पीछे इस मॉडल का बहुत बड़ा हाथ है क्योंकि बाकी राजनीतिक दलों की तुलना में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण काफी सशक्त थे। उन्होंने एक ओर तो यह कहा कि दूसरे राजनीतिक दल जिस तरह की योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं, वे योजनाएं रेवड़ी संस्कृति से जुड़ी लगती हैं। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी केवल रेवड़ियां नहीं बांट रही या योजनाएं नहीं दे रही है, वह आध ाारभूत ढांचे का भी विकास कर रही है। इस तरह से खैराती राज्य की परिकल्पना बहुत मुखर रूप से बीजेपी के पक्ष में गई, और उसे जिस तरह का जनादेश मिला, वह सर्वविदित है।

तीसरा जो संकेत मिलता है इन चुनावों से, वह है चुनाव के केंद्र में रहने वाला राजनीतिक विमर्श। 2014 में जब बीजेपी सत्ता में आई, तभी से हमने देखा कि वही विमर्श तय करती है। बीजेपी का हिंदुत्व में लिप्त जो विकासवाद था, वह बड़े सशक्त रूप में सामने आया और तमाम राजनीतिक दलों ने उसको स्वीकार कर लिया। इस बार दिलचस्प बात यह है कि बीजेपी जीत तो गई, लेकिन इसमें एक समस्या आ गई। समस्या यह कि जैसे ही जाति जनगणना की बात कांग्रेस और दूसरे दलों ने की, बीजेपी को भी उभरते राजनीतिक विमर्श के साथ तालमेल बिठाने की जरूरत महसूस हुई।

### अष्टयोग-5051

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 5 | | 3 | | 1 |
| | 33 | | 36 | | 27 | |
| 3 | | 4 | 6 | 7 | | 2 |
| | 36 | | 30 | 1 | 26 | |
| 5 | | 7 | | | 3 | |
| | 36 | 6 | 32 | | 34 | 3 |
| | 2 | | 4 | 5 | | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

*अष्टयोग 5050 का हल*

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 33 | 1 | 23 | 6 | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 42 | 4 | 29 | 4 | 25 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | 7 | 33 | 2 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अपना ब्लॉग
### एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला

**मोहन।** निस्संदेह कांग्रेस इस तर्क को ज्यादा विकसित नहीं कर पाई है, लेकिन आने वाले समय में यह भारतीय लोकतंत्र के व्यापक संदर्भों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। जो बात होती थी कि कोई वैकल्पिक विमर्श नहीं है, मुझे लगता है कि इस चुनाव में उसकी सुगबुगाहट देखने को मिली है। अंतिम जो संकेत इन चुनावों से निकलकर आया है, वह है उत्तर और दक्षिण में दिखता दिलचस्प अंतर। उत्तर भारत में बीजेपी का वर्चस्व फिर से स्थापित होता दिख रहा है। यह बीजेपी के लिए फायदे की चीज है क्योंकि हिंदी, हिंदू, हिंदुस्तान की जो बात उत्तर के राज्यों में आसानी से की जा सकती है, दक्षिण या पूर्वोत्तर राज्यों में उसको थोड़ा अलग तरीके से कहना पड़ेगा। जब उत्तर के राज्यों में यह बात साबित हो जाती है, तो कई चीजें बीजेपी के पक्ष में चली जाती हैं। जैसे अब वह काफी अच्छी तरह से डबल इंजन की सरकार का नारा दे सकती है। जनवरी में राम मंदिर का उद्घाटन होगा, तो उसका फायदा भी बीजेपी को होगा। दिलचस्प बात यह है कि दक्षिण में कांग्रेस ने खुद को फिर से स्थापित किया है। यह एक बहुत बड़ी राजनीतिक परिघटना है।






## विलेन निकले जोनाथन मेजर्स, मार्वल स्टूडियोज ने सभी फिल्मों से निकाला


मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों में थानोस के बाद कांग को सबसे बड़ा सुपरविलेन बनाने की तैयारी थी। लेकिन एक्स गर्लफ्रेंड से मारपीट और उत्पीड़न के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद मार्वल स्टूडियोज ने जोनाथन मेजर्स को बाहर निकाल दिया है। वह अब MCU की किसी भी फिल्म या सीरीज में नजर नहीं आएंगे। जोनाथन मेजर्स को एक्स गर्लफ्रेंड के साथ थर्ड डिग्री मारपीट, दुष्कर्म और उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। मार्वल स्टूडियोज ने जोनाथन को ऐसे वक्त में बाहर का रास्ता दिखाया है, जब वह आगे की कहानी में थानोस से भी बड़े विलन के किरदार में नजर आने वाले थे। जोनाथन के साथ MCU एवेंजसरू द कांग डायनेस्टी फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा था, जो मई 2026 में रिलीज होने वाली थी। जोनाथन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मैनहट्टन कोर्ट की जूरी अदालत ने 34 साल के जोनाथन मेजर्स को दुष्कर्म के आरोप, पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी संग थर्ड डिग्री मारपीट और उत्पीड़न का दोषी पाया। द रैप की रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट से दोषी ठहराए जाने के बाद मार्वल और डिज्नी ने फौरन फैसला लेते हुए जोनाथन को अपने आगामी सभी प्रोजेक्ट्स से बाहर करने का फैसला कर लिया है। जोनाथन मेजर्स और उनकी एक्स गर्लफ्रेंड के बीच यह पूरा मामला मार्च महीने का है।

## 1000 करोड़ रुपये के पार पहुंचेगा शाहरुख की फिल्म का कलेक्शन

बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान और डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की अपकमिंग फिल्म डंकी अपनी रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। शाहरुख खान ने इस साल दो बम्पर हिट फिल्में दीं। इस साल की शुरुआत में जवान और श्पठानश की शानदार सफलता के बाद डंकी को लेकर भी फैन्स और क्रिटिक्स काफी उत्साहित हैं। शाहरुख की ये फिल्म 21 दिसंबर को दुनिया भर में रिलीज हो रही है। शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी श्डंकीश के जरिए पहली बार साथ में काम कर रहे हैं। दमदार कास्टिंग, रोलर–कोस्टर राइड और कॉमिक से भरपूर इमोशंस का वादा करने वाली स्क्रिप्ट के साथ डंकी 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक एक है। इसी बीच जहां फिल्म की धुआंधार एडवांस बुकिंग हो रही है वहीं विजनरी बिजनेसमैन और खान के करीबी दोस्त भरत मेहरा की भविष्यवाणी ने लोगों के एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है। अपनी सटीक भविष्यवाणियों के लिए जाने जाने वाले मेहरा ने पूरे दावे के साथ कहा है कि डंकी ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी।

## बर्थडे पर बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी को सुजैन खान ने किया लिप किस





सुजैन खान और अर्सलान गोनी अक्सर सोशल मीडिया पर एक साथ फोटोज शेयर करते हैं। लवबर्ड्स को डेट करते हुए दो साल से अधिक का समय हो गया है। हाथों में हाथ डालकर एक साथ बाहर निकलने से लेकर रोमांटिक छुट्टियों पर जाने तक, यह जोड़ी एक–दूसरे के प्यार में डूबी हुई नजर आती है। आज 19 दिसंबर को अर्सलान गोनी अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। जहां कई लोग अर्सलान को बधाई दे रहे हैं, वहीं उनकी गर्लफ्रेंड सुजैन खान ने भी उन्हें बड़े ही प्यारे पोस्ट के साथ विश किया है। इसमें वो उन्हें लिप किस करती भी नजर आ रही हैं। अर्सलान गोनी के साथ कुछ खास पलों को दिखाते हुए सुजैन खान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, हैप्पी, हैप्पी, हैप्पी, बर्थडे मेरे प्यार... तुम मेरे लिए सबसे बड़ा गिफ्ट हो। मैंने जितना सोचा था, तुमने मुझे उससे कहीं अधिक खुश रखा है। प्यार लुटाने की खूबी मुझे सबसे ज्यादा खुश करती है। तुमने मुझे एक बेहतर इंसान बनाया है, मेरे प्यार। हम दोनों मिलकर खूब धूम मचाएंगे। चाहे कुछ भी हो, हमारे दिल में एक आग और चिंगारी है३ इस सफर को शुरू होने दो... क्योंकि बेबी हमने अभी शुरुआत की है। मैं तुम्हे हर तरह से बेहद प्यार करती हूं। वीडियो की शुरुआत सुजैन खान और अर्सलान गोनी के किस के साथ होती है, जिसके बाद वे गले मिलते हैं।

# क्या अनुष्का शर्मा ने कन्फर्म कर दी प्रेग्नेंसी की खबर?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के दूसरे बच्चे के जल्द आने की खबरें जोरों से फैली हुई हैं। फैंस उम्मीद लगाए बैठे हैं कि दोनों जल्द ही अनुष्का की प्रेग्नेंसी की घोषणा करेंगे। लेकिन अनुष्का और विराट ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। अब, एक नए वीडियो ने फैंस को लगभग यकीन हो गया है कि जल्द ही दोनों फिर से माता–पिता बनने वाले हैं। एक्ट्रेस ने एक ऐड वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो प्रेग्नेंसी के बारे में बात करती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट पर हर कोई बस यही कह रहा है कि उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की ओर सबसे बड़ा इशारा किया है।*

**प्रेग्नेंसी टेस्ट किट का ऐड किया शेयर**

मंगलवार को अनुष्का शर्मा ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट किट का ऐड शेयर किया। एक्ट्रेस ने ऐड को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। जैसे ही उन्होंने वो वीडियो पोस्ट किया, नेटिजन्स कमेंट सेक्शन में यह अनुमान लगाने के लिए दौड़ पड़े कि क्या अनुष्का इशारों–इशारों में अपनी प्रेग्नेंसी की ओर हिंट दे रही हैं।

**फैंस ने लगाया अनुष्का की प्रेग्नेंसी का अंदाजा**

एक फैन ने लिखा, इसीलिए वह अपने पेट को छुपाने के लिए एक महीने तक मोटे कपड़े पहन रही थीं। एक यूजर ने कहा,






अनुष्का शर्मा प्रेग्नेंट हैं, कन्फर्म। ऐसे एक या दो नहीं, बल्कि कई सोशल मीडिया यूजर्स हैं जो लगातार अनुष्का शर्मा की पोस्ट पर यही कमेंट कर रहे हैं कि वो प्रेग्नेंट हैं।

**विराट और अनुष्का की बेटी वामिका**

अनुष्का की दूसरी प्रेग्नेंसी की खबरों के बीच, इंटरनेट पर एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें वह अपने पति विराट कोहली के साथ पोज देते हुए अपना बेबी बंप छूते हुए देखी जा सकती हैं। तस्वीर में अनुष्का को साड़ी पहने देखा जा सकता है, जबकि विराट ट्रेडिशनल सफेद कपड़ों में उनके बगल में खड़े नजर आ रहे हैं। हालांकि, बाद में पता चला कि ये फोटो एडिटेड है और दिवाली के समय क्लिक की गई है। अनुष्का और विराट ने 11 दिसंबर, 2017 को इटली के टस्कनी में शादी की थी। जनवरी 2021 में, उन्होंने अपने पहले बच्चे, बेटी वामिका का स्वागत किया।

# एयरपोर्ट पर सैफ अली खान संग हुआ मोए मोए

*बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान और करीना कपूर छुट्टियां मनाने के लिए रवाना हो चुके हैं। लेकिन उसके पहले इन्हें बीवी–बच्चों के साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। लेकिन सैफ अली खान के साथ एक मजेदार वाकया हुआ, जिससे लोगों की भी हंसी छूट गई। एक्टर ने दूसरी लड़की पर हाथ रख दिया।*



करीना कपूर और सैफ अली खान बॉलीवुड के रॉयल कपल्स में से एक हैं। ये हाल ही में अपने दोनों बच्चों, तैमूल और जेह अली खान के साथ वेकेशन पर पटौदी हाउस गए। वहां से एक्ट्रेस ने फोटोज भी पोस्ट कीं। मगर रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर इन सभी को स्पॉट किया गया। जहां सैफ अली खान के साथ मोए मोए हो गया। उसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। लोग एक्टर की इस हरकत पर चुटकी ले रहे हैं।

**लोग बोले- कन्फ्यूज हो गए**

दरअसल, 18 दिसंबर को करीना कपूर, सैफ अली खान के अलावा जेह और तैमूर को पपाराजी ने एयरपोर्ट पर स्पॉट किया। सभी क्रिसमस और नया साल सेलिब्रेट करने के लिए रवाना हुए हैं। पटौदी पैलेस के बारे में तो आप जानते ही हैं, कि वहां शूटिंग होती है। खैर। अब एयरपोर्ट पर करीना कपूर ने लाल रंग की हाफ बॉम्बर जैकेट कैरी की थी। इसी का कन्फ्यूजन एक्टर को हो गया।

**सैफ अली खान से हुई गलती**

हुआ ये कि सैफ अली खान ने लाल रंग की जैकेट पहनी दूसरी महिला के कंधे पर हाथ रख दिया। हालांकि जब सैफ को मालूम हुआ तो फौरन हटा भी लिया। वहीं, ठीक पीछे एक्ट्रेस खड़ी थीं। वह बच्चों और बीवी को एयरपोर्ट के अंदर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन इस गलती से उनका पोपट हो गया। वह शरम से लाल हो गए। हालांकि करीना ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया।

**सैफ अली की हरकत पर रिएक्शन**

इसके बाद जब ये वीडियो सामने आया तो लोगों ने मजेदार रिएक्शन्स दिए। एक यूजर ने लिखा, करीना बिल्कुल ऐसे थीं कि घर चलो बताती हूं। वहीं, एक ने लिखा, दोनों लाल ड्रेस में थीं इसलिए कन्फ्यूज हो गए बेचारे सैफ। एक ने लिखा, करीना के एक्सप्रेशन चेंज हो गए। सैफ की तो खैर नहीं। एक ने कहा, दो दो करीना लेने की फिराक में हैं जनाब।

# सर्दियों में इन बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, रहें सावधान



**इन्फ्लूएंजाः** इन्फ्लुएंजा, जिसे फ्लू भी कहा जाता है। यह वायरस से होने वाली एक संक्रामक बीमारी है, जो नाक और गले को प्रभावित करती है। सर्दियों में फ्लू का खतरा बढ़ता है और इसके लक्षणों में बुखार, गले में खराश, नाक बहना, सिरदर्द, थकान और सांस की कठिनाई आदि शामिल है। सूखी खांसी और कफ भी फ्लू के लक्षण हो सकते हैं। बहती नाक, बार-बार छींक आना और कफ ये तीनों सर्दियों के मौसम में होना बहुत सामान्य है। यह माइल्ड और सीरियस दोनों तरह का हो सकता है। यह एक से दो हफ्ते में ठीक हो जाता हैं, लेकिन यह ज्यादा समय तक बना रहे तो निमोनिया का रूप ले सकता है।

*बदलते मौसम का प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर भी देखने को मिलता है। ठंड के मौसम अपने साथ कई बीमारियों का खतरा भी लेकर आती है। इस मौसम में इम्यूनिटी और भी ज्यादा कमजोर हो जाती है, जिसकी वजह से और भी कई बीमारियां हावी होने लगती है। सर्दियों में होने वाली बीमारियां कौन सी हैं? सर्दी-खांसी जैसी परेशानियां तो ठंड के मौसम में बिना बुलाए मेहमान की तरह आती हैं।*

**रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इंफेक्शन**

सर्दियों में होने वाली बीमारियों में कॉमन कोल्ड सबसे आम है और इसे रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी कहा जा सकता है। बहती नाक, बार-बार छींक आना, खांसी और कफ यह सभी इसके सामान्य लक्षण हैं, जो तीन से चार दिनों में ठीक हो जाते हैं। कुछ लोगों में इसके होने होने पर सभी लक्षणों के साथ गले में खराश और सिर दर्द भी देखने को मिलता है। कुछ लोगों को बुखार भी हो सकता है।

**ब्रोंकाइटिस**

सर्दियों में ठंडा मौसम ब्रोंकाइटिस के खतरे को और भी बढ़ा देता है। एक कॉमन लंग इंफेक्शन है। इसके होने पर फेफड़ों में सूजन आ जाती है, जिसके कारण मरीज में खांसी, सांस लेने में कठिनाई और छाती में दर्द जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों के अलावा कुछ लोगों में नेजल कंजेक्शन और बुखार आदि भी अनुभव हो सकता है।

**स्ट्रेप थ्रोट**

स्ट्रेप थ्रोट एक प्रकार का गले में खराश है जो बच्चों में सबसे आम है। यह एक बैक्टीरियल इन्फेक्शन है, जो स्ट्रेप्टोकॉकल बैक्टीरिया से होता है। यह इंफेक्शन गले में इन्फ्लेमेशन और सूजन का कारण बन सकता है। कुछ लोगों में बुखार और खराश के साथ गले में दर्द भी महसूस हो सकता है। लेकिन कुछ लोग स्ट्रेप थ्रोट और सोर थ्रोट में कंफ्यूज हो जाते हैं, लेकिन दोनों में अंतर होता है और इसे सही रूप से पहचान और उपचार करना महत्वपूर्ण है। स्ट्रेप थ्रोट एक बैक्टीरियल इंफेक्शन होता है, जबकि सोर थ्रोट आमतौर पर वायरल होता है। स्ट्रेप थ्रोट का उपचार एंटीबायोटिक के साथ किया जाता है, जबकि सोर थ्रोट समय के साथ ठीक हो जाता है।



## प्रोटीन जितना जरूरी है जिंक, शरीर को गिरा देगी इसकी कमी

प्रोटीन, कैल्शियम और आयरन की तरह जिंक भी एक ऐसा जरूरी पोषक तत्व है, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है। जिंक एक जरूरी ट्रेस तत्व है जो मानव शरीर में कई कामों के लिए जरूरी है। जिंक शरीर में कई एंजाइमों के कामकाज को बढ़ावा देने में सहायक है। डॉक्टर प्रियंका सहरावत के अनुसार, बॉडी में तीन ऐसे सिस्टम होते हैं, जिनके लिए जिंक की बहुत ज्यादा जरूरत होती है। पहला है इम्यून सिस्टम क्योंकि इसे मजबूत बनाने के लिए जिंक बहुत ज्यादा जरूरी है। दूसरा है, पेट को स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और तीसरा त्वचा से जुड़ी समस्याओं के लिए। इम्यून पावर मजबूत करने के लिए जिंक जरूरी पोषक तत्व है। जिस तरह विटामिन सी इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए जरूरी है, ठीक उसी तरह जिंक भी शरीर को मजबूत बनाता है। जिंक ऐसा पोषक तत्व है, जो पेट के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। यह पाचन क्रिया और आंतों के कामकाज को बढ़ावा देता है। यह पेट की कवरिंग सेल्स को मेंटेन रखने का काम करता है। बच्चों में डायरिया या लूज मोशन होते हैं, तो जिंक को दवा के रूप में लेने की सलाह दी जाती है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के इलाज में जिंक जरूरी होता है। मुंहासे को दूर करने के लिए जिंक कम बड़ा रोल है। कोई भी कट, घाव या चोट को जल्दी ठीक करने के लिए जिंक की जरूरत होती है। जिंक की कमी से त्वचा में परिवर्तन हो सकते हैं जो पहले एक्जिमा जैसे दिखते हैं।

## ना करें ये गलती वरना लग सकती है रीढ़ की हड्डी में भयंकर चोट

रीढ़ की हड्डी शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो पूरे शरीर को संरचना व आधार प्रदान करता है। रीढ़ की हड्डी या उसके किनारों पर स्थित नसों में लगने वाली चोट को रीढ़ की हड्डी की चोट (स्पाईनल कॉर्ड इंजरी या एससीआई) माना जाता है। रीढ़ की हड्डी में चोट कार दुर्घटना, गिरने, खेल में लगने वाली चोट आदि की वजह से लग सकती है। यह चोट कितनी गंभीर होगी, यह रीढ़ की हड्डी में किस जगह चोट लगी है और वह कितनी गहरी है, इस पर निर्भर करता है। मणिपाल अस्पताल, गाजियाबाद के सलाहकार न्यूरोसर्जरी, डॉ. गजेंद्र सिंह संधू बताते हैं कि रीढ़ की हड्डी में चोट किसी को भी लग सकती है, लेकिन युवाओं, पुरुषों या जोखिम वाले काम करने वाले लोगों को यह चोट लगने की संभावना ज्यादा होती है। हालांकि, मेडिकल विज्ञान में हुई प्रगति ने लोगों को रीढ़ की हड्डी में लगी गंभीर चोट से उबरने और उसके बाद सामान्य जीवन व्यतीत करने में समर्थ बना दिया है।

## पेट में जाते ही यूरिक एसिड खत्म करने लगती है ये आयुर्वेदिक चटनी



यूरिक एसिड एक आम समस्या है जिससे बहुत से लोग पीड़ित रहते हैं। यूरिक एसिड एक गंदा पदार्थ होता है, जो खून में जमा होता है। यह पदार्थ प्यूरीन नामक पदार्थ से बनता है। प्यूरीन आपके द्वारा खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। वैसे तो यूरिक एसिड पेशाब के रास्ते बाहर निकल जाता है लेकिन जब ऐसा नहीं होता है, तो यह छोटी पथरी का रूप लेकर जोड़ों में जमा हो जाता है। यूरिक एसिड के जोड़ों में जमा होने से गाउट नामक रोग हो सकता है जोकि गठिया की तरह एक दर्दनाक रोग है जिससे पैर और हाथ की उंगलियों के जोड़ में दर्द, सूजन और लालिमा हो जाती है। इसके अलावा यूरिक एसिड किडनी की पथरी का कारण भी बनता है। मेडिकल में बेशक यूरिक एसिड के लिए कई इलाज हैं लेकिन आप आयुर्वेदिक उपाय भी आजमा सकते हैं। नॉएडा के ई-260 सेक्टर 27 स्थित श्कपिल त्यागी आयुर्वेद क्लिनिकश के डायरेक्टर कपिल त्यागी के अनुसार, हाई यूरिक एसिड के लिए आयुर्वेद में कई तरीके हैं। कई ऐसी आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां हैं, जो आसानी से इस समस्या का समाधान कर सकती हैं। इसके लिए आयुर्वेदिक मसालों से बनी चटनी भी है। चटनी न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होती है बल्कि यूरिक एसिड को भी बेअसर कर सकती है। धनिया और पुदीना के बारे में ऐसा माना जाता है कि इन जड़ी-बूटियों में विषहरण गुण होते हैं। अदरक और लहसुन को एंटी इंफलेमेटरी गुणों के लिए जाना जाता है।

# सर्दियों में फेफड़ों को छलनी करने में देर नहीं लगाती सांस की बीमारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

*सर्दी का मौसम कई लोगों के लिए अपने साथ परेशानियां लेकर आती है, खासतौर पर जिन्हें सांस संबंधी समस्याएं हैं, जैसे कि अस्थमा, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, सीओपीडी और क्रोनिक ब्रोंकाइटिस आदि। इन बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए नीचे गिरता तापमान परेशानियों को और बढ़ा सकता है। यहां कुछ सुझाव दिए जा रहे हैं जो इन रोगों से पीड़ित लोगों के लिए सर्दी के मौसम में सहायक हो सकते हैं। सर्दियों में सांस की समस्या से बचाव के लिए ऐसा नहीं कि आप घर से बाहर ही न निकलें। बल्कि इसका यह अर्थ है कि आप सर्दियों में भी स्वस्थ रहने के लिए तैयार रहें।*

**सांस की समस्या के लक्षण**


सर्दियों में सांस की समस्या काफी बढ़ जाती हे, क्योंकि इस मौसम मेंतापमान जब काफी कम हो जाता है, तो सीओपीडी के लक्षण दिखने लगते हैं। ऐसी स्थिति में लंग्स में सांस सामान्य तरह से प्रवेश नहीं पाती है। सांस के दिक्कत के अलावा मरीजा में इस तरह के लक्षण भी नजर आ सकते हैं:

**घर पर ही एक्सरसाइज करने की कोशिश करें**

सीओपीडी, अस्थमा और अन्य सांस से जुड़ी समस्याओं वाले लोगों



को ध्यानपूर्वक एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी जाती है, लेकिन सर्दियों के मौसम में खासतौर पर अत्यंत ठंडे दिनों में बाहरी एक्सरसाइज से बचना हो सकता है।क्योंकि आप जितना हो सके ठंड में निकलने से बचें। नियमित व्यायाम करना आपके हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है। सही व्यायाम से हृदय की क्षमता में सुधार हो सकता है और सांस लेने में भी आराम होता है।



**सर्दियों में गर्म कपड़े जरूर पहनें**

सांस की समस्या से बचाव के लिए सर्दियों में गर्म कपड़े पहनना बहुत जरूरी है। गर्म कपड़े पहनना और मास्क, स्कार्फ या मफलर का उपयोग करना सर्दियों में सांस की समस्याओं को कम करने में मदद कर सकता है। सर्दियों में सांस की समस्या से बचाव के लिए बताए गए एहतियात को बरतें। इसके अलावा डॉक्टरी सलाह जरूर लें।

**ठंडे पानी से बचाव**

ठंडे पानी से बचाव करना सर्दी और कफ से राहत प्रदान कर सकता है। यह एक सामान्य और प्रभावी तरीका है जो सर्दी के मौसम में स्वास्थ्य की देखभाल करने में मदद कर सकता है।

**ताजगी से भरपूर फलों और सब्जियों का सेवन**

ताजगी से भरपूर फलों और सब्जियों का सेवन करना एक स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा है और इससे आपका इम्यून सिस्टम मजबूत भी होता है। इसके सेवन से सर्दी और कफ जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से लड़ने में मदद मिलती है। अपनी डाइट में विटामिन सी को जरूरी जोड़े। यह इम्यून सिस्टम को मजबूती प्रदान करने में मदद करता है और सर्दी और कफ जैसी बीमारियों से लड़ने में सहारा प्रदान करता है।



## कुल 2 अरब, 30 करोड़, 45 लाख खर्च

ऑक्शन में शरीक सभी 10 टीमों ने मिलकर कुल 72 प्लेयर खरीदे, जिसमें 30 विदेशी प्लेयर्स शामिल हैं। इस दौरान कुल 2 अरब, 30 करोड़, 45 लाख खर्च हुए। ऑक्शन में तेज गेंदबाजों पर पैसों की बरसात देखने को मिली। कई दिग्गज स्पिनर्स अनसोल्ड रहे या फिर बेहद कम कीमत में बिके। पेसर्स पर पैसे लुटाने का एक बड़ा कारण ऑक्शन से ठीक एक रात पहले आईपीएल के नियमों में बड़े बदलाव माना जा रहा है। दरअसल, आईपीएल के सीओओ हेमंग अमीन ने सारी फ्रैंचाइजियों को बता दिया था कि नए सीजन में एक गेंदबाज अब दो बाउंसर्स फेंक सकता है। पहले इंटरनेशनल क्रिकेट की तरह कंधे से ऊपर सिर्फ एक ही गेंद की अनुमति होती थी।

## मिचेल स्टार्क की एक गेंद की कीमत 7.4 लाख रुपय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। फरवरी 2008 में जब पहली बार आईपीएल ऑक्शन में हुए तो हर फ्रैंचाइजी के पास 20–20 करोड़ रुपये का सैलरी कैप था। मगर इस बार सिर्फ दो ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स यानी मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस ने ही मिलकर तब की पूरी टीम के बजट से ज्यादा कमाई कर ली। दुबई में बीती रात हुए ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड कप विनिंग कप्तान पैट कमिंस ने पहले 20.5 करोड़ बटोरते हुए, 2023 के ऑक्शन में सैम करन का 18.5 करोड़ वाला रिकॉर्ड तोड़ा। 40 मिनट के भीतर–भीतर उन्हीं के टीममेट तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क उनसे भी आगे निकल गए, जिन्हें कोलकाता नाइटराइडर्स ने रिकॉर्ड 24 करोड़ 75 लाख देकर आईपीएल इतिहास का सबसे महंगा प्लेयर बना दिया। स्टार्क ने जहां आईपीएल में आठ साल बाद वापसी की तो पैट कमिंस पर इतनी भारी–भरकम बोली लगाकर शायद हैदराबाद ने अपना नया कप्तान भी चुन लिया है। चलिए आपको बताते हैं कि स्टार्क और पैट कमिंस की एक बॉल और एक ओवर के बदले फ्रैंचाइजी उन्हें कितने रुपये चुकाने वाली है। लीग के सभी 14 मुकाबले खेलते हुए अगर कोई गेंदबाज अपने चार ओवर का कोटा पूरा करता है तो कुल फेंकी गई गेंदों की संख्या 336 होती है।

# पंजाब किंग्स ने नीलामी में गलत खिलाड़ी खरीद लिया

**क्रिकेट**

## पंजाब ने फैसला पलटने की गुजारिश की, लेकिन मल्लिका सागर ने इंकार कर दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स ने दुबई के कोका कोला एरीना में संपन्न आईपीएल 2024 नीलामी में एक बड़ी गलती कर दी। पंजाब किंग्स ने एक गलत खिलाड़ी को खरीद लिया। अपनी गलती का एहसास होने पर फ्रेंचाइजी ने नीलामीकर्ता मल्लिका सागर के सामने मामला उजागर किया, लेकिन उनकी गुजारिश मानकर फैसले को पलटा नहीं गया। मल्लिका सागर ने कहा कि बोली पूरी हो चुकी है और अब खिलाड़ी पंजाब किंग्स का हिस्सा बन गया है। पंजाब किंग्स की इस गलती का शिकार छत्तीसगढ़ का खिलाड़ी शशांक सिंह बने, जो बिकने के बावजूद यह जानकर खुश नहीं होंगे कि वो खरीदने की पहली पसंद नहीं थे।

नीलामी कमरे में मौजूद फ्रेंचाइजी के पास खिलाड़ियों का पूरा रोस्टर उनकी लैपटॉप स्क्रीन पर मौजूद था। सभी फ्रेंचाइजी ऑक्शन रूम में पहुंचने से पहले अपना होमवर्क कर चुकी थीं और इस बात का विश्लेषण कर चुकी थीं कि किसे खरीदना है, जिसमें लोकप्रिय और कम पहचाने जाने वाले खिलाड़ी दोनों मौजूद थे। मगर नेस वाडिया, प्रीति जिंटा और उनकी टीम से ऑक्शन टेबल पर गलती हो गई जब गलती से उन्होंने शशांक सिंह को किसी और की जगह खरीद लिया। मगर जब तक यह गलती सुधारी जाती तब तक खिलाड़ी बिक चुका था। पंजाब किंग्स की इस बात पर काफी खिल्ली भी उड़ी। शशांक सिंह का नाम एक्सीलेरेटेड राउंड में आया, जहां पंजाब किंग्स सहित अन्य फ्रेंचाइजी कुछ अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों को अपने स्क्वाड का हिस्सा बनाने पर ध्यान दे रही थीं। इन सभी की बेस प्राइस 20 लाख रुपये थी। जब शशांक का नाम लिया गया, तब प्रीति जिंटा ने पैडल उठा लिया। फिर उन्होंने अपनी टीम से विचार–विमर्श किया। खिलाड़ी के लिए किसी और फ्रेंचाइजी ने पैडल नहीं उठाया था तो उनके नाम बिकने पर मुहर लग गई। जब मल्लिका सागर ने अगले सेट के खिलाड़ी तनय त्यागराजन का नाम लिया तो पंजाब को अपनी गलती का एहसास हुआ। प्रीति, वाडिया और पंजाब के अन्य लोगों को पता चला कि शशांक को किसी अन्य खिलाड़ी की जगह खरीद लिया है। मल्लिका ने पूछा, यह गलत नाम है? आपको खिलाड़ी नहीं चाहिए? मगर हथौड़ा नीचे आ गया और 236 व 237 दोनों आपके पास गए हैं।





# रिंकू सिंह जैसा कोई नहीं... बल्ले के बाद गेंद से दिखाया जौहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गकेबेरहा। रिंकू सिंह बल्ले से क्या कर सकते हैं ये पूरी दुनिया ने देखा है। आईपीएल 2023 में मैच की आखिरी 5 गेंद पर लगातार 5 छक्के मारकर उन्होंने केकेआर को जीत दिलाई थी। भारत के लिए टी20 डेब्यू के बाद से कई कमाल की पारियां खेल चुके हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में रिंकू को डेब्यू करने का मौका मिला। उन्होंने चौके से खाता खोला लेकिन बल्ले से सिर्फ 17 रनों का ही योगदान दे पाए। लेकिन यहां रिंकू का एक और टैलेंट देखने को मिला।

रिंकू सिंह ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने पहले ही ओवर में विकेट ले लिया। साउथ अफ्रीका को जीत के लिए सिर्फ 7 ही रन चाहिए थे। शतकवीर टोनी डी जॉर्जी के साथ रासी वान डेर डूसन क्रीज पर सेट थे। कप्तान राहुल ने रिंकू सिंह को गेंद थमाई। 42वें ओवर की तीसरी गेंद पर रिंकू ने डूसेन को आउट कर दिया। ऑफ स्टंप के बार की गेंद को डूसन ने कट करने की कोशिश की। वह बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों में चली गई।

### दूसरे वनडे में हारी टीम इंडिया

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे में भारत को आठ विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की सीरीज 1–1 से बराबरी की।भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 211 रन पर आउट हो गयी। साई सुदर्शन और केएल राहुल ने अर्धशतक लगाया। लेकिन अन्य सभी बल्लेबाज फेल रहे। साउथ अफ्रीका के लिए बर्गर ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने 42.3 ओवर में दो विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफीका के लिए टोनी डी जॉर्जी ने सबसे ज्यादा नाबाद 119 रन का योगदान दिया। भारत के लिए रिंकू के अलावा अर्शदीप सिंह ने एक विकेट लिया।



## नीलामी में खरीदार न मिलने से हुए प्रेरित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुबई में आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन का आयोजन किया गया। इस बीच मिचेल स्टार्क 24 करोड़ 40 लाख में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी बने। इस बीच इंग्लैंड के एक खिलाड़ी फिल सॉल्ट जिन्हें लेकर हर तरफ चर्चा हो रही है। दरअसल आईपीएल 2024 के लिए हुए ऑक्शन में सॉल्ट अपने लिए खरीदार ढूंढने में असफल रहे। इस बीच सॉल्ट ने नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद एक बयान दिया है। सॉल्ट ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि फ्रेंचाइजी मुझे खरीदने में दिलचस्प होंगी। सॉल्ट ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ त्रिनिदाद के तरौबा में 57 गेंदों में सात चौके और 10 छक्कों की मदद से 119 रन बनाकर शतक बनाया। इस बीच इंग्लैंड ने 75 रन से मैच अपने नाम कर लिया। वह इंग्लैंड की ओर से लगातार टी 20 में दो शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

## न्यूज डायरी



### संन्यास की कगार पर खड़े खिलाड़ी की खुली किस्मत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 36 वर्षीय तेज गेंदबाज उमेश यादव को भी उम्मीद नहीं रही होगी कि संन्यास की उम्र में वह अपने आईपीएल ऑक्शन करियर की सबसे ज्यादा कीमत हासिल कर लेंगे। यादव को गुजरात टाइटंस ने 5.80 करोड़ रुपये में खरीदा, जो आईपीएल नीलामी में उनकी अब तक की सबसे ऊंची कीमत है। उमेश ने अपनी 2018 की कीमत को पीछे छोड़ दिया जहां उन्हें रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने 4.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। 2010 से अपने आईपीएल करियर की शुरुआत करने वाले उमेश यादव ने टूर्नामेंट में अबतक खेले 141 मैच में 136 विकेट लिए हैं। वह टूर्नामेंट के 13वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। ऑक्शन के दौरान जब उमेश यादव का नाम आया तो किसी को उम्मीद नहीं थी कि उनपर इतनी बड़ी बोली लग जाएगी। पिछले दो सीजन से कोलकाता नाइटराइडर्स उनके बेस प्राइस यानी दो करोड़ रुपये में ही उमेश को अपने साथ जोड़ रहा था। इस बार रीलिज करने के बाद केकेआर ने उनपर दांव नहीं लगाया। बोली की शुरुआत सनराइजर्स हैदराबाद ने की और फिर गुजरात टाइंटस भी कूद पड़ा। बिडिंग जैसे ही 5 करोड़ के पार पहुंची हैदराबाद रेस से बाहर हो गया और फिर दिल्ली कैपिटल्स की एंट्री हुई। आखिरी में गुजरात टाइटंस ने पांच करोड़ 80 लाख रुपये में उमेश को अपने साथ जोड़ ही लिया। अपने पूरे आईपीएल करियर के दौरान उमेश यादव ने कई यादगार प्रदर्शन किए हैं, जिसमें तीन बार चार विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है।

### भारतीय महिला टीम आज से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के लिए तैयार है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड की महिला टीम को 347 रन से धूल चटाने के बाद अब भारतीय महिला टीम 21 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह टेस्ट मैच इतिहास रचने वाले होगा। दरअसल फरवरी 1984 के बाद एलिसा हीली पहली बार भारत की धरती पर किसी टेस्ट मैच में कंगारू महिला टीम की कप्तानी करेंगी। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने 1984 में भारत की धरती पर चार मैचों की एक सीरीज खेली है। सीरीज के सभी मैच ड्रॉ रहे थे। भारत की टीम ने इंग्लैंड को 347 रन से बड़ी हार दी। इसके साथ ही महिला क्रिकेट में यह टीम की सबसे बड़ी जीत थी। दीप्ति शर्मा भारत की ओर से इस मैच में जीत की हीरोइन रही थी। ऐसे में आप इस मैच का लाइव स्ट्रीम और प्रसारण कहां देख सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच यह चार दिवसीय टेस्ट 21 दिसंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलियाई टीम के बीच एक टेस्ट मैच वानखेड़े में सुबह 9 बजकर 30 मिनट से खेला जाएगा। इसके एक आधे घंटे पहले सानी 9 बजे टॉस होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के बीच शुरू होने वाले एक टेस्ट मैच का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्स 18 चैनल पर देख सकते हैं। इसके अलावा जिओ सिनेमा पर मैच को लाइव स्ट्रीम किया जा सकता है। इसके अलावा आप जागरण एप्प पर भी मैच जुड़े सारे अपडेट पढ़ सकते हैं।

### आखिरी वनडे मुकाबले में होगी कांटे की टक्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे मैच में भारत के खिलाफ 8 विकेट से जीतकर सीरीज में 1–1 की बराबरी कर ली है। भारत ने पहला वनडे 8 विकेट से जीता था। दोनों टीमों के बीच तीसरा और आखिरी वनडे गुरुवार को पार्ल में खेला जाएगा। गौरतलब हो कि टॉस जीतकर साउथ अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भारतीय टीम को झकझोर कर रख दिया। बर्गर ने तीन भारतीय बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। साई सुदर्शन और कप्तान केएल राहुल की अर्धशतकीय पारी के बावजूद भी भारत को संघर्ष करना पड़ा। उनकी बल्लेबाजी में गहराई की कमी दिखी। रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और संजू सैमसन के बल्ले से रन नहीं निकले। हालांकि, पुछल्ले बल्लेबाजों ने भारत को 200 के पार पहुंचाने में मदद की। साउथ अफ्रीका की तरफ से टोनी डी जोरजी और रीजा हेंड्रिक्स के दमदार प्रदर्शन ने जीत आसान कर दी। डी जोरजी ने अपने पहले अर्धशतक को शतक में तबदील किया। बर्गर और विलियम्स ने पिच का अच्छा उपयोग किया, जिससे भारत के लिए बल्लेबाजी कठिन हो गई।

पेज थ्री देहरादून

विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजकों का हुआ सम्मान।

देहरादून, गुरूवार, 21 दिसंबर 2023





हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने दी पाटा उत्तरकाशी में परिवार कल्याण उप केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाटा में परिवार कल्याण उपकेन्द्र की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने परिवार कल्याण उपकेन्द्र की स्थापना तथा आवश्यक कार्मिकों के साथ 13.34 लाख रूपये की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति भी दी है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशालय के अनुसार यह स्वास्थ्य उपकेंद्र 3424 आबादी को लाभान्वित करेगा। जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाटा आईपीएचएस मानकों (पर्वतीय क्षेत्र हेतु 3000 एवं शहरी क्षेत्र हेतु 5000) को पूर्ण करता है इसके लिये मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद उत्तरकाशी द्वारा स्थापना की भी संस्तुति प्रदान की गयी है।

### छात्राओं को नशे के प्रति किया जागरूक

**संवाददाता** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजपुर रोड में बुधवार को एक कैरियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को नशे के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सजग इंडिया अभियान की अगुवाई कर रहे और सीआईएमएस एंड यूआईएचएमटी ग्रुप ऑफ कॉलेज देहरादून के चेयरमैन ललित जोशी और जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण चंद्र गोस्वामी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। ललित जोशी ने छात्रों का मानसिक,भावनात्मक, नैतिक मूल्यों पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने छात्रों को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया।

### सिलक्यारा मामले में कार्रवाई न होने पर उठाए सवाल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने सिलक्यारा हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर कोई कार्रवाई न किए जाने पर सवाल उठाए हैं। बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान धस्माना ने कहा कि बिना जांच और कोई कार्रवाई के ही टनल का काम दुबारा शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टनल हादसे को लेकर उठे तमाम सवालों को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय और राज्य सरकार ने खारिज कर दिया है।

### रोडवेज ड्राइवर–कंडक्टरों की अल्कोमीटर से होगी जांच


**संवाददाता** देहरादून। रोडवेज बसों में ड्यूटी करने वाले ड्राइवर–कंडक्टरों की अल्कोमीटर से जांच करेगा। इसमें यदि कोई ड्राइवर–कंडक्टर नशे में पाया जाता है उसे तो पुलिस के सुपुर्द कर एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। यह आदेश मंडलीय प्रबंधक (संचालन) संजय गुप्ता ने किए हैं।

# अधिकारियों को विन्टरलाईन कार्निवाल को भव्य आकर्षक बनाने के निर्देश

**निर्देश**

■ 27 से 30 दिसम्बर तक मनाया जाएगा 'मसूरी विन्टरलाईन कार्निवाल'

**संवाददाता**




देहरादून। मसूरी विन्टर कार्निवाल की तैयारियों एवं रूपरेखा के निर्धारण के सम्बन्ध में स्थानीय विधायकध्माननीय केबिनेट मंत्री उत्तराखण्ड सरकार गणेश जोशी की अध्यक्षता में मंथनसभागार राजपुर रोड में मसूरी विन्टरलाईन कार्निवाल की रूपरेखा के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस वर्ष 27 से 30 दिसम्बर तक मनाया जाएगा 'मसूरी विन्टरलाईन कार्निवाल'।

बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि विन्टरलाईन कार्निवाल को आकर्षक भव्य बनाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही निर्देशित किया मॉल रोड पर जाम न लगे इसके लिए व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने पेयजल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मसूरी क्षेत्र में पेयजल लाईन के कार्य को 22 तक पूर्ण कर लें तथा 22 दिसम्बर के बाद किसी भी निर्माण के लिए सड़क न खोदी जाए तथा जहां कार्य पूर्ण हो गया है ऐसे स्थानों पर सड़क का समतलीकरण कर पक्का करें। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया सड़क पर यहां–वहां वान पार्क न किए जाए वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करने की व्यवस्था बनाई जाए। मंत्री ने एमडीडीए के अधिकारियों को सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा नगर निकाय मसूरी को साफ–सफाई कार्यों को चॉक–चौबन्द रखने के निर्देश दिए।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि इस वर्ष विन्टरलाइन कार्निवाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही एडवेंचर खेल प्रतियोगिताएं, गोष्ठिया एवं सांस्कृतिक, पारम्परिक कार्यक्रमों के साथ ही, फूड फेस्टिवल आयोजन, तथा राज्य के स्थानीय कलाकारों को शामिल करने, फूड फेस्टिवल में उत्तराखण्ड के पहाड़ी व्यंजन के साथ ही साहसिक खेल, मोटर बाईक रेली, कबड्डी, मैराथन, नेचरवॉक, स्टार गेजिंग, हिस्ट्रीवॉक, विन्टेज रैली आदि गतिविधि का आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में साईकिल रैली, हार्ले डेविडसन बाइक रैली, साहसिक खेल, विन्टेज कार रैली, स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति, स्टार नाईट आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस वर्ष आईटीबीपी, सीआरपीएफ एवं होमगार्ड का बैंड के साथ ही अलग–2 राज्यों के लोक कलाकार अपने–2 राज्यों की पारम्परिक शैली में लोक संस्कृति की प्रस्तुति देंगे। स्टार नाईट, जागर, सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नेचर वॉक, हेरिटेज वॉक, नेचर फोटोग्राफी, ट्रैकिंग , बर्डवाचिंग कार्यक्रम, जार्ज एवरेस्ट म्यूजियम विजिट, बॉली बॉल, करार्टे, स्केटिंग, रॉक क्लाईमिंग के साथ ही फूड स्टॉल आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मसूरी एसडीएम कार्यालय में सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। एसडीएम और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। साथ ही कहा कि 31 दिसंबर तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो एक जनवरी से पूरे उत्तराखंड में अनिश्चित कालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने मालरोड आंबेडकर चौक पर बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद प्रदर्शन किया। फिर जुलूस के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने ज्ञापन दिया और नारेबाजी की। इसके बाद नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी राजेश नैथानी को ज्ञापन सौंपा। संघ के उत्तराखंड प्रभारी विशाल बिरला ने कहा कि संघ सफाई व्यवस्था के लिए ठेकेदारी प्रथा, संविदा, गैंग प्रथा, दैनिक प्रथा की शोषणकारी व्यवस्था को समाप्त करने, सभी गैर सरकारी कार्यरत सफाई कर्मचारियों को तुरंत नियमित करने की मांग कर रहा है। उन्होंने रयाल कमेटी की शिफारिशों को तत्काल लागू करने और पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग की।

# प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोड़े

**बैठक**

■सीएम ने प्रशिक्षित राज्य के गुरिल्ला स्वयं सेवकों की समस्याओं को सुना

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में एसएसबी द्वारा प्रशिक्षित राज्य के गुरिल्ला स्वयं सेवकों की समस्याओं को सुना। विभिन्न जनपदों से गुरिल्ला स्वयं सेवक वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न विभागों में प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोड़ने के लिए प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि गुरिल्ला स्वयं सेवकों की जिन समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकता है, वे किये जाएं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से भी गुरिल्ला प्रशिक्षकों के लिए मदद के लिए प्रस्ताव भेजकर अनुरोध किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम, निजी सुरक्षा एजेंसियों में सुरक्षा कर्मी, होमगार्ड में प्रशिक्षक, फॉरेस्ट फायर वॉचर, पुलिस विभाग के अन्तर्गत ग्राम चौकीदार, लोक निर्माण विभाग में विभिन्न कार्यों, वन विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अन्य क्षेत्रों में गुरिल्ला स्वयं सेवकों की सेवाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है, इस दिशा में ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी को निर्देश दिये कि सबंधित विभागों द्वारा राज्य के प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोड़ने और उनके प्रशिक्षण का लाभ राज्य को भी मिल सके, इस दिशा में जो भी कार्यवाही की जा सकती है, इसके अनुपालन में समय–समय पर बैठक ली जाए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, डीजीपी अभिनव कुमार, कमांडेंट जनरल होमगार्ड केवल खुराना, डीआईजी अपर सचिव गृह श्रीमती निवेदिता कुकरेती, अपर सचिव श्री विनीत कुमार, श्री ललित मोहन रयाल, अत्तर सिंह,संबंधित विभागीय अधिकारी और वर्चुअल माध्यम से एस.एस.बी. द्वारा प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## घर में बन रही थी नकली शराब

**संवाददाता** देहरादून। आबकारी विभाग ने आईएसबीटी इलाके में एक घर में नकली देशी शराब बनाने का मामला पकड़ा है। टीम ने छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। घर से साढ़े तीन हजार नकली होलोग्राम, 12 सौ देशी शराब के ढक्कन और चार पेटी देशी शराब बरामद की गई है। जिला आबकारी अधिकारी राजीव चौहान ने बताया कि मंगलवार रात सूचना मिली थी कि आईएसबीटी में एक घर में नकली शराब बनाई जा रही है। जिस पर आबकारी इंस्पेक्टर प्रेरणा बिष्ट व आबकरी इंस्पेक्टर दर्शन सिंह चौहान के नेतृत्व में एक टीम को वहां छापेमारी के लिए भेजा गया।टीम ने घर में छापा मारा तो वहां देशी शराब की चार पेटियां, होलोग्राम व ढक्कन बरामद हुए। जबकि एक आरोपी विकास कर्णवाल वहां मौजूद पाया गया।पूछताछ में उसने बताया कि वह शराब लाकर उसे अन्य बोतलों में मिलावट कर ज्यादा बनाता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।